पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 09 वांछित अभियुक्त व NBW में 20 वारण्टी गिरफ्तार।

दिनांक- 25.09.2024

दिनांक- 24/25.09.2024 को-

01-थाना मोहनलालगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0- 317/22 धारा- 419/420/406 IPC से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों 01-सिन्टू कुमार 02-किशू 03-प्रवेश कुमार

02-थाना विभूतिखण्ड में पंजीकृत मु0अ0सं0-0369/2023 धारा 147/504/304 IPC से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों 01-राकेश कुमार 03-पिन्टू उर्फ सुरेश

03-थाना गोमतीनगर में पंजीकृत मु0अ0सं0-423/2024 धारा- 305(a) BNS से सम्बन्धित अभियुक्त अन्नू कोरी

04-थाना कृष्णानगर में पंजीकृत मु0अ0सं0-381/2024 धारा- 64(2)ङ/65(1)/308(5)/317(2)/351(3)/352 BNS व 66/66सी/66डी आईटी एक्ट व 5एल/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त-अभिषेक मिश्रा

05- थाना सुशान्त गोल्फ सिटी में पंजीकृत मु0अ0सं0-385/23 धारा 147/148/302/307/120B IPC व 3(2)(5) SC/ST ACT से सम्बन्धित अभियुक्त- आकाश तिवारी

06-थाना इन्दिरानगर में पंजीकृत मु0अ0सं0-240/2024 धारा- 137(2)/87/64(2)(m) BNS ¾ पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त गुड्डू यादव उर्फ गुड्डू कुमार गिरफ्तार।

जोन- दक्षिणी

थाना मोहनलालगंज-

दिनांक 24.09.2024 को रात्रि लगभग 08.10 बजे पिकअप न0 UP32QN1712 चालक-दिलीप पुत्र लल्ला निवासी निगोहां थाना निगोहां, लखनऊ उम्र करीब 32 वर्ष खुजौली बाजार से घर जा रहा था कि अचानक महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कालेज गौरा थाना मोहनलालगंज पर आगे जा रहें ट्रैक्टर-ट्राली को ओवर टेक करते समय पीछे से टक्कर मार देने की सूचना मिली, सूचना पर तत्काल मोहनलालगंज पुलिस द्वारा घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी मोहनलालगंज भेजा गया। टैक्टर पर सवार 03 व्यक्ति 01-राम गोपाल गौतम पुत्र बच्चालाल निवासी कनकहा उम्र करीब 35 वर्ष के सिर व कमर मेX चोटें लगी, 02-रविकान्त पुत्र महादीन निवासी कनकहा थाना मोहनलालगंज, लखनऊ उम्र करीब 22 वर्ष के हल्की-फुल्की चोट लगी व 03-मोहित कश्यप पुत्र देववादीन निवासी दयालपुर निगोहा थाना निगोहा, लखनऊ उम्र करीब 20 वर्ष के हल्की-फुल्की चोटे आयी। व पिकप चालक दिलीप उपरोक्त को मुहँ व सिर पर चोट लगी थी जिसे ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया गया। दिलीप उपरोक्त को उसके परिजनों के द्वारा ट्रामा सेन्टर ले जाया गया। **तहरीर प्राप्त कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जायेगी।**

जोन- पश्चिमी

ट्रेन दुर्घटना-थाना ठाकुरगंज-

आज दिनांक 25.09.2024 समय करीब 08.00 बजे सुबह में रेलवे स्टेशन मास्टर काकोरी द्वारा थाना ठाकुरगंज पर सूचना दी गयी कि भूहर रेलवे क्रांसिग फाटक के पास एक अज्ञात व्यक्ति उम्र करीब 25 वर्ष की ट्रेन दुर्घटना में मृत्यु हो गयी, जिसका शव रेलवे पटरी के किनारे पड़ा हुआ है। **सूचना पर तत्काल थाना स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा कर मर्चरी में रखवा दिया गया है ।** मृतक के शिनाख्त के लिए आस-पास के लोगों से जानकारी की गयी, अभी तक शिनाख्त नही हो पायी है। **प्रथम दृष्टया किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से मृत्यु होना प्रतीत हो रहा है। मृतक के शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

जोन- दक्षिणी

थाना गोसांईगंज-

आज दिनांक 25-9-24 को 10:00 बजे दिन मे 112 द्वारा सूचना प्राप्त हुई की ग्राम चुरहिया गोसाईगंज में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई है इस सूचना पर गोसाईगंज पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि रमेश कनौजिया पुत्र मन्ना निवासी ग्राम चुरहिया गोसाईगंज उम्र करीब 55 वर्ष का शव घर मे पड़ा है सभी परिजन मौजूद है घर वालों ने बताया कि गांव मे कोई नहीं रहता सभी गोमतीनगर मे रहकर कपड़ा प्रेस का काम करते हैं, रमेश कभी कभी गांव आते है रात मे रूककर पुनः गोमतीनगर चले आते है, शव परीक्षण से पाया गया कि शव एक या दो दिन पुराना है, गाँव वालों ने बताया कि मृतक रमेश को परसों अत्याधिक शराब के नशे मे देखा गया, नशे के आदि थे, **शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, अन्य विधिक कार्यवाही कि जाएगी।**